# यूपी में गन्ना मूल्य में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी



**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। गन्ना मूल्य में प्रति क्विंटल 25 रुपये की वृद्धि के साथ ही, उन्होंने किसानों के बकाया बिजली बिलों पर ब्याज माफ करने का एलान किया है। भाजपा किसान मोर्चा के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा, 315 रुपये प्रति क्विंटल में बिकने वाला सामान्य गन्ना अब 340 रुपये और 325 रुपये वाला गन्ना अब 350 रुपये प्रति क्विंटल बिकेगा। अनुपयुक्त अगैती गन्ना के मूल्य में भी 25 रुपये क्विंटल की वृद्धि होगी। सीएम योगी ने कहा, गन्ना किसानों की आय में इस फैसले से आठ फीसदी की वृद्धि होगी। 45 लाख किसानों के जीवन में परिवर्तन होगा। 30 नवंबर तक गन्ना मूल्य का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद दोबारा चीनी मिलें चलाई जाएंगी। उन्होंने किसानों के बिजली बिल पर ब्याज माफी का एलान करते हुए कहा, एकमुश्त योजना के जरिये ब्याज माफ किया जाएगा। इसके लिए कमेटी बना दी गई है। जल्द ही किसानों को राहत मिलेगी। ब्यूरो